दिन– मंगलवार दिनांक– 26 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. संविधान दिवस की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। संविधान का संस्कृत और मैथिली संस्करण भी होगा जारी।

02. विधानसभा और विधान परिषद में चालू वित्तीय वर्ष के लिए लगभग बत्तीस हजार पांच सौ सात करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश।

03. प्रदेश में एक हजार पांच सौ पचास प्राथमिक कृषि साख समिति– पैक्स के लिए पहले चरण का मतदान जारी। अड़तीस जिलों के एक सौ सैंतीस प्रखंडों में डाले जा रहे हैं वोट।

04. और, समस्तीपुर के तेरह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में अनुबंध पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

———————————————————————

आज संविधान दिवस की पचहत्तरवीं वर्षगांठ है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में संविधान को अंगीकार किया गया था और यह छब्बीस जनवरी उन्नीस सौ पचास को लागू हुआ था। सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह छब्बीस नवम्बर, दो हजार पच्चीस तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। आज संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और दिल्ली स्थित दूतावासों के प्रमुख भी उपस्थित होंगे। संविधान दिवस पर एक स्मारक सिक्का, डाक टिकट और दो पुस्तकें भी जारी की जाएंगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर संविधान का संस्कृत और मैथिली संस्करण भी जारी किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सर्वोच्च न्यायालय में सविधान दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। श्री मोदी न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट भी जारी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय विधि मंत्री

अर्जुन राम मेघवाल, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी उपस्थित रहेंगे।

————————————————————————————

संविधान दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भाजपा की ओर से प्रदेश कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक समारोह का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि संविधान दिवस के मौके पर पटना हाई कोर्ट परिसर में आयोजित समारोह में बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा मंत्री जनक चमार शामिल होंगे।

————————————————————————————

बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज सदन में राजकीय विधेयक पेश होंगे। पहले दिन कल दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के आय–व्यय से संबंधित लगभग बत्तीस हजार पांच सौ सात करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के वेतन, विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने के लिए और अधिक राशि की जरूरत को देखते हुए सदन से राशि की स्वीकृति के लिए यह बजट पेश किया है। विधानसभा में गुरुवार को और विधान परिषद में शुक्रवार को चर्चा के बाद इसपर विनियोग आएगा। विधानसभा में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने अनुपूरक बजट पेश किया। वहीं, विधान परिषद में आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें वार्षिक स्कीम मद में बाइस हजार छह सौ संतानवे करोड़ रुपये से अधिक और स्थापना तथा प्रतिबद्ध व्यय मद में नौ हजार आठ सौ नौ करोड़ से अधिक रुपये खर्च किए जाने का प्रावधान है।

————————————————————————————

प्रदेश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक हजार पांच सौ पचास प्राथमिक कृषि साख समिति, पैक्स के लिए मतदान जारी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अनुसार अड़तीस जिलों के एक सौ सैंतीस प्रखंडों में पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है। आज हो रहे मतदान में एक करोड़ तेईस लाख से अधिक मतदाता उन्नीस हजार आठ सौ पच्चीस मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। लखीसराय, मुंगेर और जमुई जिले के नक्सल प्रभावित प्रखंडों में दोपहर तीन बजे तक ही मतदान होगा। वहीं, शेष प्रखंडों में मतदान शाम साढ़े चार बजे तक होगा। पैक्स में

अध्यक्ष सहित कुल बारह पदों के लिए चुनाव हो रहे हैं। इनमें से पांच पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इस चरण की मतगणना आज और कल होगी।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन पर अपनी सहमति दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य रसायन मुक्त और सतत कृषि के लिए प्राकृतिक कृषि को पुनर्जीवित करना है। उन्होंने कहा कि इस मिशन पर दो हजार चार सौ इक्यासी करोड़ रूपये खर्च होंगे।

———बाईट———

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर एक हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि इस चरण में पूरे मौजूदा तंत्र को संवर्धित किया जाएगा और पोर्टल को एकीकृत किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि पैन के दूसरे चरण में मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

समस्तीपुर के तेरह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में अनुबंध पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल दो हजार पच्चीस के लिए नीलामी के दूसरे दिन यह इतिहास रचा गया। राजस्थान रॉयल्स ने एक करोड़ दस लाख रुपये खर्च कर उन्हें टीम में शामिल किया है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव सूर्यवंशी को इस उपलब्धि पर बधाई दी और युवा बल्लेबाज पर भरोसा भी जताया है। वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बनकर पहचान बनाई थी। उन्होंने चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर–उन्नीस के खिलाफ भारत अंडर–उन्नीस की ओर से खेलते हुए यूथ टेस्ट में बासठ गेंदों पर एक सौ चार रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की थी। उनका अंठावन गेंदों में बनाया गया शतक यूथ टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज़ और विश्व स्तर पर दूसरा सबसे तेज़ शतक था। इस साल की शुरुआत में वैभव ने तब सुर्खियां बटोरीं थीं जब उन्होंने केवल बारह साल की उम्र में बिहार की ओर से रणजी ट्रॉफी में जगह बनाई थी। वे रणजी ट्रॉफी के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।

———————————————————————————

इधर, इस नीलामी में गोपालगंज के मुकेश कुमार को दिल्ली कैपिटल्स ने आठ करोड़ रूपये में अनुबंधित किया है। वहीं, रोहतास जिले के आकाश दीप को लखनऊ

सुपर जाइंट्स ने आठ करोड़ और समस्तीपुर के अनुकूल राय को के.के. आर ने चालीस लाख रूपये में अनुबंधित किया है।

——————————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के बिहार कैडर के वरिष्ठ अधिकारी कुंदन कृष्णन केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटेंगे। वे वर्तमान में सीआईएसएफ में एडीजी के पद पर तैनात है। बिहार सरकार के अनुरोध पर उन्हें वापस भेजा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें तत्काल प्रभाव से उनके मूल कैडर में वापस भेजने की अनुमति दे दी है।

——————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के मद्देनजर पटना और रांची के बीच दो जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेन के परिचालन का फैसला किया है। इन ट्रेनों का परिचालन आज से अट्ठाईस नवम्बर तक किया जायेगा। वहीं, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे पुणे से दानापुर के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन कर रहा है। यह ट्रेन आज पुणे से दानापुर के लिए रवाना होगी और दानापुर से सत्ताई तथा अट्ठाईस नवम्बर को पुणे के लिए खुलेगी। इधर, रेलवे ने पूर्णियां कोर्ट– अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन का आज और कल के लिए परिचालन बहाल कर दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले रेलवे ने चौबीस से उनतीस नवम्बर तक इस ट्रेन के परिचालन को रद्द करने की सूचना जारी की थी।

——————————————————————————

आज राष्ट्रीय दुग्ध दिवस है। यह दिवस देश में श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आज डॉक्टर कुरियन की 103वीं जयंती के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में देश की अर्थव्यवस्था और पोषण सुरक्षा में डेयरी क्षेत्र के योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य–पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह पशुधन तथा डेयरी क्षेत्र के लिए गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में देश भर के कई किसानों, डेयरी सहकारी समितियों और दुग्ध संघों की भागीदारी होगी। इधर, प्रदेश में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

——————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में दो हजार चार सौ तिहत्तर फार्मासिस्ट की जल्द बहाली होगी। उन्होंने कहा कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग को इस संबंध में अधियाचना भेज दी गई है और आयोग को जल्द बहाली प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

राज्य में सक्षमता परीक्षा पास छत्तीस हजार नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी हो गयी है। शिक्षा विभाग के अनुसार अभी भी बारह हजार शिक्षक ऐसे हैं, जिनकी काउंसिलिंग होनी है। विभाग ने इन शिक्षकों को तीस नवंबर तक काउंसिलिंग के लिए मौका दिया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल में सबसे युवा खिलाड़ी के रूप में अनुबंध की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– समस्तीपुर के तेरह वर्षीय वैभव को राजस्थन रॉयल्स ने एक करोड़ दस लाख में खरीदा। हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में एक हजार पांच सौ पचास पैक्सों के लिए डाले जायेंगे वोट, पहले चरण का मतदान आज। प्रभात खबर ने लिखा है– संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष को दी गयी चुनौती खारिज। दैनिक जागरण ने विधानसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण की खबर को प्रमुख देते हुये लिखा है– विधानसभा में पहली बार विधायक माँ–बेटी एक साथ। आज अखबार लिखता है– दरभंगा घराने के डॉक्टर समित मलिक को मिला बिस्मिल्लाह खां पुरस्कार। राष्ट्रीय सहारा समेत अन्य समाचार पत्रों ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबरों को सचित्र प्रकाशित किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. संविधान दिवस की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। संविधान का संस्कृत और मैथिली संस्करण भी होगा जारी।

02. विधानसभा और विधान परिषद में चालू वित्तीय वर्ष के लिए लगभग बत्तीस हजार पांच सौ सात करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश।

03. प्रदेश में एक हजार पांच सौ पचास प्राथमिक कृषि साख समिति– पैक्स के लिए पहले चरण का मतदान जारी। अड़तीस जिलों के एक सौ सैंतीस प्रखंडों में डाले जा रहे हैं वोट।

04. और, समस्तीपुर के तेरह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में अनुबंध पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।